<u>संदेश</u>

लोक आस्था के पावन महापर्व छठ पूजा के अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ।

छठ पूजा सूर्यदेव की आराधना करने के साथ ही नदियों, तालाबों और जलाशयों की पूजा करने का अवसर है। प्रकृति से जुड़ा हुआ यह पर्व हमारे भीतर आध्यात्मिक चेतना का संचार करता है और हमें पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। इस पावन अवसर पर स्वच्छता के प्रति आग्रह और तपस्या के प्रति निष्ठा की भावना दिखाई देती है।

आइए, इस शुभ अवसर पर संकल्प करें कि हम अपने जलस्रोतों और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाकर प्रकृति का सम्मान करेंगे।

इस महापर्व के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों के सुख एवं समृद्धि की मंगलकामना करती हूँ।

****